महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड
महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)
वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255
ई-मेल - msrvvpujn@gmail.com वेब साइट - www.msrvvp.ac.in

प.सं. 4-1/2022(शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 21-02-2023

अधिसूचना - 1215

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड / महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के अन्तर्गत वेद छात्रों के ऑनलाइन वार्षिक परीक्षा फार्म – अन्तिम दिनांक बढ़ाने के सम्बन्ध में।

प्रतिष्ठान द्वारा जारी अधिसूचना – 1211/1212 दिनांक 30-01-2023 के अनुसार प्रतिष्ठान से देशभर में अनुदानित समस्त वेदपाठशाला प्रबंधकों/गुरू-शिष्य परम्परा योजना इकाई अध्यापकों को सूचित किया गया था, कि वेदभूषण (कक्षा 10वीं समकक्ष) एवं वेदविभूषण (कक्षा 12वीं समकक्ष) की वर्ष 2022-23 की वार्षिक परीक्षाएं महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान / महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित की जाएगी। छात्रों के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान की अन्तिम दिनांक 20-02-2023 निर्धारित की गई थी। अधोहस्ताक्षरित के संज्ञान में आया है, कि परीक्षा आवेदन की अन्तिम दिनांक 20-2-2023 तक कुछ वेदपाठशाला/ गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापक उनके अधीन अध्ययनरत छात्रों के ऑनलाइन परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं कर पाए हैं।

छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों/ बाह्य परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत ऑनलाइन परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान करने की दिनांक बढाई जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

अवधि	कक्षा	परीक्षा शुल्क
दिनांक 21-2-2023 से 27-2-2023 सायं 6:00 बजे तक	**वेदभूषण – प्रथम वर्ष**	**रू. 300/-**
दिनांक 21-2-2023 से दिनांक 24-2-2023 सायं 6:00 बजे तक	वेदभूषण – द्वितीय एवं तृतीय वर्ष वेदभूषण – चतुर्थ एवं पंचम वर्ष वेदविभूषण – प्रथम एवं द्वितीय वर्ष	रू. 300/- रू. 500/- रू. 600/-
विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 25-2-2023 सायं 6:00 बजे से दिनांक 27-2-2023 सायं 6:00 बजे तक	वेदभूषण – द्वितीय एवं तृतीय वर्ष वेदभूषण – चतुर्थ एवं पंचम वर्ष वेदविभूषण – प्रथम एवं द्वितीय वर्ष	रू. 300+ 300 (विलम्ब शुल्क) = रू. 600/- रू. 500+ 500 (विलम्ब शुल्क)= रू. 1000/- रू. 600+600 (विलम्ब शुल्क) = रू. 1200/-

1. **वेदभूषण प्रथम वर्ष छात्रों को परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त कोई विलम्ब शुल्क भुगतान नहीं करना है।**
2. उपर्युक्त परीक्षा शुल्क प्रतिष्ठान से अनुदानित वित्तपोषित छात्रों एवं बाह्य परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत सम्मिलित होने के इच्छुक छात्रों के लिए समान रहेगा।
3. दिनांक 27-2-2023 के पश्चात् परीक्षा फार्म / परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु दिनांक नहीं बढ़ाई जाएगी।
4. जिन छात्रों का ऑनलाइन परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क दिनांक 27-2-2023 तक प्राप्त होगा, केवल उन्हीं छात्रों को परीक्षा प्रवेश पत्र (Exam Admit Card) जारी किए जाएंगे।
5. विना परीक्षा प्रवेश पत्र (Exam Admit Card) के किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। परीक्षा में उपस्थिति हेतु आधार कार्ड अनिवार्य रहेगा।
6. जिन वेदपाठशाला / इकाई अध्यापकों द्वारा दिनांक 27-2-2023 तक समस्त वित्तपोषित छात्रों का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क भुगतान नहीं किया जाएगा, उन पाठशाला / इकाई अध्यापकों के अनुदान को बाधित किया जा सकता है।

सचिव, म. सा. रा. वे. वि. प्र.
एवं म.सा.रा. वेद-संस्कृत-शिक्षा-बोर्ड